सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट


*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 29 | इंदौर, शुक्रवार 09 अगस्त, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## आज नागपंचमी



सर्व नागाः प्रीयन्तां मे ये केचित् पृथ्वीतले,
न्ये च हेलिमरीचिस्था ये न्तरे दिवि संस्थिताः
ये नदीषु महानागा ये सरस्वतिगामिनः
ये च वापीतडागेषु तेषु सर्वेषु वै नमः।

भगवान शेषनाग व उनके समस्त पृथ्वीचरअंशजों-वंशजों को नाग पंचमी पर हमारी

**'सर्वजीवात्मा सहकारिणी' भारतीय-मनीषा का सादर प्रणाम**

## Headline

1. **Manish Sisodia: 17 महीने बाद जेल से बाहर आएंगे मनीष सिसोदिया; दिल्ली आबकारी नीति मामले में 'सुप्रीम' जमानत**
2. **Delhi: स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस की बड़ी कामयाबी, ISIS का तीन लाख का इनामी आतंकी रिजवान गिरफ्तार**
3. **UN: बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों पर संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता, कहा- हम नस्लीय हिंसा के खिलाफ**

# भोपाल-इंदौर, ग्वालियर में गिरेगा पानी

## जबलपुर, शहडोल, सागर और रीवा संभाग में 11 से 15 अगस्त तक बारिश नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्वी हिस्से जबलपुर, शहडोल, सागर और रीवा संभाग के 21 जिलों में 11 से 15 अगस्त के बीच बारिश नहीं होगी। यहां मौसम साफ रहेगा और धूप खिली रहेगी। पश्चिमी हिस्से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, उज्जैन और चंबल में गरज-चमक और बूंदाबांदी का दौर बना रहेगा। अगले 2 दिन प्रदेश के कुछ हिस्सों में तेज बारिश हो सकती है।**

मौसम विभाग ने शुक्रवार को भिंड, दतिया, निवाड़ी, छतरपुर, पन्ना, रीवा, सीधी, मऊगंज, डिंडौरी, अनूपपुर, सीहोर, विदिशा, रायसेन में तेज बारिश होने का अलर्ट किया है। 10 अगस्त को टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना और दमोह में तेज बारिश का अलर्ट है। बाकी जिलों में बूंदाबांदी, आंधी और गरज-चमक की स्थिति रहने की संभावना है।

गुरुवार रात 9 बजे तवा बांध के गेट सीजन में तीसरी बार खोले गए। बांध का लेवल 1161.50 फीट हो गया। यह 86% भर गया है। जलभराव वाले एरिया में बारिश और गवर्निंग लेवल को देखते हुए 5 गेटों से 1598 क्यूबिक मीटर/सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है।



### इसलिए ऐसा मौसम

आईएमडी भोपाल के वैज्ञानिक प्रकाश दामले ने बताया, 'अभी राजस्थान के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। मानसून ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। अन्य सिस्टम की एक्टिविटी के चलते प्रदेश में अगले 2 दिन तेज बारिश होने का अनुमान है, लेकिन 11 से 15 अगस्त तक पूर्वी प्रदेश में मौसम साफ हो जाएगा। पश्चिमी हिस्से में जरूर हल्की गरज-चमक और बूंदाबांदी हो सकती है।'

### गुना में डेढ़, बैतूल में 1 इंच बारिश

प्रदेश के कई जिलों में गुरुवार को कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, गुना में डेढ़ इंच, बैतूल में 1 इंच, पचमढ़ी में आधा इंच बारिश हुई। भोपाल, ग्वालियर, खंडवा, शिवपुरी, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, मंडला, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, उमरिया और बालाघाट के मलाजखंड में भी हल्की बारिश दर्ज की गई।

### सीजन की 68% बारिश, 25.4 इंच पानी गिरा

प्रदेश में सीजन की 68% यानी औसत 25.4 इंच बारिश हो चुकी है। यह नॉर्मल से 3.9 इंच ज्यादा है। अब तक 21.5 इंच बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन जुलाई और अगस्त में स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से प्रदेशभर में तेज बारिश हुई। इस कारण बारिश का आंकड़ा बढ़ रहा।

### डैम भी 80% तक भरे

लगातार तेज बारिश की वजह से प्रदेश के अधिकांश डैम 80 प्रतिशत से ज्यादा भर चुके हैं। चूंकि, बड़े डैमों में पानी का लेवल तय रखना पड़ता है। इसलिए इनके गेट भी खुल चुके हैं। कोलार, बाणसागर, कुंडालिया, बरगी, इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, कलियासोत, भदभदा समेत कई डैम के गेट खुल चुके हैं। हालांकि, तेज बारिश का दौर थमने से ज्यादातर डैम के गेट बंद कर दिए गए हैं।

### जबलपुर-भोपाल संभाग में सबसे ज्यादा बारिश

यदि जिले वाइज बारिश के आंकड़ों पर नजर दौड़ाए तो जबलपुर और भोपाल ऐसे संभाग है, जहां सबसे ज्यादा बारिश हुई है। सभी जिलों में नॉर्मल से अधिक पानी गिर चुका है। जबलपुर संभाग के मंडला में सबसे ज्यादा 39.19 इंच पानी गिर चुका है, जबकि सिवनी में 37 इंच बारिश हो चुकी है। भोपाल में सीजन की 32.73 इंच बारिश हो चुकी है। 5 इंच बारिश होते ही सीजन का कोटा भी पूरा हो जाएगा। नर्मदापुरम में 33.92 इंच पानी गिर चुका है।

**कम बारिश से बढ़ रही चिंता**

# अगस्त के पहले सप्ताह में भी सिर्फ एक इंच गिरा पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में कम बारिश की वजह से चिंता बढ़ने लगी है। अभी इंदौर में सिर्फ 15 इंच बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार अगस्त और सितम्बर के महीने से उम्मीद है। इन दोनों ही महीनों के आखिरी दिनों में अच्छी बारिश हो सकती है। अभी पिछली बार की तुलना में करीब सात इंच कम बारिश हुई है। हालांकि अभी भी अगले तीन से चार दिन तक मौसम खुला ही रहेगा और धूप भी रहेगी। कहीं कहीं रिमझिम और मध्यम बारिश होगी। इसके बाद फिर हल्की बारिश के आसार हैं। अगस्त के एक हफ्ते में करीब एक इंच ही बारिश हुई है। अगस्त का कोटा 10 इंच का है। पिछले साल अगस्त में ढाई इंच बारिश हुई थी।एग्रीकल्चर कॉलेज के सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. एचएल खपेडिया ने बताया कि इस बार बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से मानसून आगे बढ़ा लेकिन हवा की गति धीमी रही। इसके साथ ही बादलों की ऊंचाई ज्यादा रही। इससे मालवा रीजन के कई जिलों में रिमझिम और कहीं-कहीं हल्की बारिश ही हुई। जो बारिश हुई वह भी सिर्फ नमी के कारण हुई। इससे दिन और रात के तापमान 2 से 3 डिग्री का अंतर ही रह गया है। मौसम ठंडा हुआ है और जल्दी ही इंदौर में अच्छी बारिश की संभावना है।

**नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैम्प सांवेर में 10 अगस्त को**

# इंदौर के विशेषज्ञ चिकित्सक पहुंचकर मरीजों का करेंगे नि:शुल्क उपचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर इंदौर संभाग के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। हेल्थ कैम्प में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को विभिन्न बीमारियों की स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श, अत्याधुनिक मशीनों से जांच एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। यह शिविर सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह के निर्देशन में संभाग के विभिन्न जिलों में निःशुल्क मेगा हेल्थ कैम्प अभियान के अंतर्गत सफलतापूर्वक आयोजन हो चुके है। इस अभियान के अंतर्गत यह इंदौर जिले के सांवेर के सिविल हास्पिटल में शिविर 10 अगस्त को होगा।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने मेगा हैल्थ कैम्प के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने संबंधित निर्देश दिये। इस मेगा कैम्प में कैंसर, सिकलसेल, टीबी, लेप्रोसी, सिलोकोसिस, दंत, नेत्र सहित अन्य गंभीर बीमारियों से प्रभावितों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायेगा। अत्याधुनिक मशीनों से माध्यम से विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य जांच भी होगी। दवाओं का नि:शुल्क वितरण भी किया जायेगा। शिविर में चिन्हांकित विभिन्न बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों के इलाज, ऑपरेशन आदि की आगे की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए।

इस मेगा हेल्थ कैम्प में मरीजों के पंजीयन के लिए ऑनलाइन व्यवस्था भी रहेगी। साथ ही पंजीयन के लिए पर्याप्त स्टॉल भी रहेंगे। बताया गया कि चिह्नित मरीजों का वैज्ञानिक रूप से डाटाबेस तैयार कर उनकी लगातार मॉनिटरिंग और फॉलोअप किया जायेगा। इसके लिए एक विशेष पोर्टल एवं एप भी तैयार किया जा रहा है। इसमें मरीज और उनकी बीमारी तथा उसे उपलब्ध उपचार की जानकारी रहेगी। शिविर में अरविंदों मेडिकल कॉलेज, शैल्वी अस्पताल, इंडेक्स मेडिकल कॉलेज सहित अन्य शासकीय-अशासकीय चिकित्सालयों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों का परीक्षण कर उपचार करेंगे।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने समस्त चिकित्सा संस्थाओं को इन शिविरों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने तथा शिविर में चिन्हांकित गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों के इलाज हेतु आगे आकर सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक जिले में कैम्प आयोजन के पश्चात मरीजों का फालोअप अनिवार्य से किया जाए। कैम्पों में स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ दिव्यांगजनों के मेडिकल प्रमाण पत्र, सामाजिक न्याय विभाग की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जाए। शिविर में आयुर्वेद विभाग द्वारा भी अपनी सेवाएं दी जाएं।

# नि:शुल्क राशन के पैसे लेने और अनियमितता पाए जाने पर उचित मूल्य दुकान निलंबित

**कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेश पर खाद्य विभाग ने की कार्रवाई**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शासकीय उचित मूल्य दुकान पर हितग्राहियों से नि:शुल्क राशन के पैसे लेने संबंधी प्राप्त शिकायत पर कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेश पर तत्काल खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा बाणगंगा प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भण्डार कोड क्रमांक 809022 उचित मूल्य दुकान, वृन्दावन कॉलोनी पहुँचकर जांच की गई। जांच में विक्रेता द्वारा तीन हितग्राहियों को राशन सामग्री गेंहू, चावल हेतु नि:शुल्क के स्थान पर



10 रूपये लिए जाना पाया गया। साथ ही दुकान नियमित व समय पर नहीं खुलने एवं दुकान में 7.37 क्विंटल गेहूं कम एवं चावल 3.96 क्विंटल स्टॉक कम पाये जाने पर उचित मूल्य दुकान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। विक्रेता अजय यादव के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। जांच कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री महादेव मुवेल तथा श्री राहुल शर्मा द्वारा की गई।

**कलेक्टर की कार्रवाई का हुआ असर**

# बस संचालकों ने लिखकर दिया शहर के बाहर से करेंगे अब बसों का संचालन

**कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने तीन दिन की दी मोहलत**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गुरुवार सुबह कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा बस संचालकों पर की गई कार्रवाई का असर हुआ है। बस संचालकों ने लिखकर दिया है कि वे अब लंबी दूरी की बसों का संचालन प्रशासन द्वारा निर्धारित स्थानों से ही करेंगे। कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने इस संबंध में उन्हें तीन दिन की मोहलत दी है।

उल्लेखनीय है कि शहर के मध्य के विभिन्न स्थानों से लंबी दूरी की बसों का संचालन किया जा रहा था, जिसके कारण यातायात की व्यवस्था बिगड़ रही थी। साथ ही दुर्घटनाओं का अंदेशा भी रहता था। इन सभी बस संचालकों को पूर्व में मोहलत भी दी गई थी। आज कलेक्टर के निर्देश पर प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा की गई संयुक्त कार्रवाई में विभिन्न ट्रेवल्स एजेंसियों के दफ्तरों को सील भी किया गया है।

**हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा कार्यालय पर बैठक**

# मंत्री विजयवर्गीय बोले-घर तिरंगा अभियान समाज के सभी वर्गों को हमारे साथ जोड़ेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बीजेपी कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक में शामिल हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि हर घर तिरंगा के माध्यम से हम समाज के सभी वर्गों को हमारे साथ जोड़ने का कार्य आसानी से कर सकते है हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से सभी पोलिंग बूथों पर अभियान को जोर शोर से चलाना है और खासकर घर के युवाओं को कार्यक्रम से जोड़कर देश की आजादी के लिए क्रांतिकारियों के बलिदान एवं उनके समर्पण को उन्हें बताना है, ताकि उन्हें पता चल सके, देश की आजादी में केवल एक परिवार ही के नहीं बल्कि अनेक क्रांतिकारियों का बलिदान भी शामिल है।**

बीजेपी हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 11 से 15 अगस्त तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। जिसमें 11 से 14 अगस्त के बीच तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें युवा मोर्चा अग्रणी भूमिका में रहेगा। इसके अलावा 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक कार्यकर्ता नगर वासियों के साथ मिलकर प्रत्येक घर एवं व्यवसायिक केन्द्रों पर तिरंगा फहराने हेतु अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा। इसके साथ ही 12 से 14 अगस्त तक महापुरुषों की प्रतिमा एवं स्मारकों के आसपास स्वच्छता का कार्यक्रम चलाया जाएगा और 13 से 15 अगस्त तक महापुरुषों एवं भारत माता के वीर सपूतों की प्रतिमा एवं स्मारकों पर माल्यार्पण किया जाएगा। वहीं 14 अगस्त तक विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भारत का विभाजन तथा अभूतपूर्व मानव विस्थापन एवं मजबूरी में पलायन की दर्दनाक कहानी को सेमिनार एवं सम्मेलन के माध्यम से विभाजन के इस काले अध्याय को याद करते हुए मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

**मंत्री सिलावट बोले- इंदौर हर चुनौती को आसानी से पूरा करने में सक्षम-** बैठक में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि इंदौर किसी भी चुनौती को आसानी से पूरा करने में समक्ष है। इंदौर अद्भुत, अकल्पनीय शहर है। जिसने शंकर लालवानी को रिकार्ड मतों से विजय बनाया है इसके शिल्पकार भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता है। तिरंगा हमारे देश का गौरव है जब फौजी सरहद पर तिरंगे लेकर हमारी रक्षा करते है, तभी हम घरों में सुरक्षित रह पाते है। इसी कल्पना को लेकर भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान यह संकल्प हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर हम मंडल से लेकर बूथ स्तर पर हर घर तिरंगा लगाकर पूर्ण करने का कार्य करेंगे।

**तीन साल से हो रहा है यह अभियान-** बैठक में इंदौर संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम ने कहा कि हम पिछले तीन वर्षों से इस अभियान को करते आ रहे है, हमें मंडलों एवं वार्डों की बैठक करके इस अभियान को सफल बनाने की रूप रेखा तैयार करनी है। ऐसे कार्यक्रमों से समाज में अच्छा वातावरण तैयार होता है, साथ ही देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम की भावना आमजन में व्याप्त होती है। वहीं नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी कल्पना है कि देश के प्रत्येक घर में तिरंगा लगे और घर-घर स्वतंत्रता की कहानी घर-घर के बच्चों एवं युवाओं को पता चले जो कि हमारे देश का भविष्य है इस अभियान में यह सुनिश्चित करे, कि पूरा परिवार एक साथ एकत्रित होकर घर में तिरंगा लगाये, जिसमें मुख्य भूमिका घर के सबसे युवा सदस्य की हो।

हर महीने उठाते हैं 3000 से अधिक गाड़ियां

# नो पार्किंग से ट्रैफिक पुलिस की 15 लाख रुपए कमाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में ट्रैफिक सबसे बड़ी समस्या बनता जा रहा है। ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए ट्रैफिक पुलिस, नगर निगम और प्रशासन दिनरात काम कर रहा है। इसी के चलते नो पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को भी उठाकर ट्रैफिक थाने लाया जाता है। हर दिन ट्रैफिक पुलिस सौ से अधिक गाड़ियां ट्रैफिक थानों पर लाती है। इंदौर में पूर्व और पश्चिम दो ट्रैफिक थाने हैं। दोनों ही जगह मिलाकर सौ गाड़ियां रोज की उठती हैं।**

ट्रैफिक पुलिस के द्वारा पांच क्रेन लगातार चलाई जाती हैं। दोनों थानों के ट्रैफिक पुलिसकर्मी जहां पर भी नो पार्किंग में गाड़ियां खड़ी देखते हैं तुरंत क्रेन से लोगों की गाड़ियां उठा लेते हैं। हर गाड़ी वाले को ट्रैफिक थाने में पांच सौ रुपए का चालान भरना पड़ता है तब उसकी गाड़ी छूटती है।



ट्रैफिक थाना टीआई लाल बहादुर ने बताया कि हम नागरिकों से लगातार पार्किंग में गाड़ियां खड़ी करने की अपील करते हैं। इसके बावजूद भी कुछ लोग नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी कर देते हैं। इससे बार बार जाम लगता है और जनता परेशान होती है। इन्हीं गाड़ियों को उठाकर हम ट्रैफिक थाने में लाते हैं। नगर निगम ने कई जगह पार्किंग बनाई है लेकिन लोग वहां पर गाड़ियां खड़ी नहीं करते हैं। लोगों को पार्किंग में गाड़ी खड़ी करना चाहिए और चालान से बचना चाहिए। इंदौर में सबसे अधिक नो पार्किंग के चालान नावेल्टी मार्केट, डालर मार्केट, जेल रोड, जिला कोर्ट, राजवाड़ा, सराफा, बर्तन बाजार, कपड़ा मार्केट, अपोलो, पलासिया, 56 दुकान पर कटते हैं। इनके अलावा भी कई अन्य जगह हैं जहां पर नो पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने पर ट्रैफिक पुलिस चालान बनाती है।

### नगर निगम ने यहां पर बनाई हैं पार्किंग

- प्रेमसुख टाकिज
- रेलवे स्टेशन
- संजय सेतु
- महाराजा काम्प्लेक्स
- पोद्दार प्लाजा
- सुभाष चौक
- फ्रूट मार्केट

# किसान का रुपए से भरा बैग उड़ाया

### महिला के साथ भी लूट करके भागे बाइक सवार बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गांधीनगर में एक किसान का रुपए से भरा बैग चोरी हो गया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। किसान बैक में किसानों के लिये चलाई जा रही योजना की जानकारी लेने पहुंचा था। इस दौरान वह फोटो कॉपी कराने बाहर दुकान पर गया। यहां से उसका बैग गायब हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक किसान अशोक कुमार घोडेला निवासी सी स्कीम नंबर 99 की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरी के मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक अशोक ने बताया कि वह नर्मदा झाबुआ बैक गांधी नगर गए थे। यहां किसान क्रेडिट कार्ड की उन्हें जानकारी लेना थी। बैक से कुछ डॉक्यूमेंट की फोटो कॉपी के लिये बोला था। तब वहां से निकलकर बाहुबली नगर में रोहित फोटो कॉपी पर पहुंचा। यहां काले रंग का बेग जिसमें छोटे रंग का हेड बैग था। उसमें 1 लाख 32 हजार रूपए नकदी,बैक की दो पास बुक,दो चेक बुक,दो एटीएम कार्ड और आधार कार्ड रखा हुआ उनके पास था। फोटो कॉपी कराने के दौरान बैग को नीचे रखा। जल्दबाजी में वह फोटो कॉपी लेकर निकल गए। कुछ देर बाद उन्हें बैग का ध्यान आया। वह फोटो कॉपी की दुकान पर पहुंचा। वहां कर्मचारी विनोद प्रजापत मिला। उससे बैग के लेकर पूछताछ की। जिसमें उसने इनकार किया। इसके बाद वहां से निकलकर अन्य जगह पर बैग ढूंढा। बाद में पुलिस को सूचना की।

### पंप कर्मचारी महिला से पर्स लेकर भागे बाइक सवार

संयोगितागंज में बाइक सवार बदमाश एक महिला के हाथ से उसका बैग लेकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक संगीता नाम की महिला ने थाने जाकर बताया कि वह पंप पर काम करती है। एक दिन पहले रात में अपने साथी के साथ घर जा रही थी। नौलखा चौराहे पर पल्सर बाइक पर आए बदमाशों ने उसके हाथ से पर्स छीना और लेकर फरार हो गए। पर्स में 25 सौ रूपए नकदी और आधार कार्ड और पैन कार्ड रखा हुआ था।

वैष्णव विद्यापीठ में ट्रैफिक पुलिस ने लगाई कार्यशाला

# छात्रों को यातायात नियमों का सीखाया ककहरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बेहतर ट्रेफिक के लिए यातायात पुलिस लगातार कार्यशालाओं का आयोजन और जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इसी क्रम में गुरुवार को ट्रेफिक पुलिस का अमला सांवेर रोड स्थित वैष्णव विद्यापीठ पहुंचा। यहां ट्रेफिक जवानों ने छात्रों को नियमों का ककहरा सीखाया। श्री वैष्णव विद्यापीठ द्वारा नेशनल मैनेजमेंट सप्ताह के तहत सडक सुरक्षा जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉलेज की ओर से प्रोफेसर सुधांशु दुबे ने बताया कि युवाओं को ट्रेफिक नियमों की जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त तिवारी ने बताया कि यातायात के छोटे-छोटे नियम बड़ी दुर्घटनाओं को टाल सकते हैं, इसलिए जरूरी है कि हम



नियमों का पालन करें। तेजगति से वाहन चलाना अपराध तो है ही साथ ही यह गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। निरीक्षक विजयकांत शुक्ला ने कहा कि आप संकल्प लें कि यातायात के नियमों का ना सिर्फ पालन करेंगे बल्कि अपने साथियों, पैरेंट्स को भी प्रेरित करेंगे। एजुकेशन विंग के प्रधान आरक्षक रणजीत सिंह ने विद्यार्थियों को जाग्रत किया कि वे अपने व दूसरों की जीवन की सुरक्षा के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार बनें। आरक्षक सुमन्त सिंह ने सडक हादसों में सुरक्षा संसाधन किस तरह जीवन बचाते हैं का वीडियो दिखाया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अरविंद तिवारी, संतोष कौल, रिटायर्ड एसीपी सन्तोष उपाध्याय, सहायक पुलिस आयुक्त नरेश अन्नोटिया मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सुमित बेनर्जी ने किया।

# बाणगंगा क्षेत्र में मिला नाबालिग

### मां की डांट के डर से छात्र चला गया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। स्कूल में चेकिंग के दौरान छात्र के पास मोबाइल मिल गया था। छात्र को डर था कि मोबाइल मिलने की जानकारी माता-पिता को लगी तो वे डांट लगाएंगे। इसी डर से वह बिना बताए घर से चला गया था। जब काफी देर तक नहीं लौटा तो परिजनों ने गौतमपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। क्राइम ब्रांच के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी नाबालिक बालक बाणगंगा क्षेत्र में घुम रहा है, जो शायद घर से बिना बताए आया है। इस पर क्राइम ब्रांच की टीम ने नाबालिग को पकडकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम सोहन (परिवर्तित नाम) निवासी गौतमपुरा का होना बताया। इस संबंध में क्राइम ब्रांच ने गौतमपुरा पुलिस से जानकारी निकाली तो पता चला की वह बालक की गुमशुदगी 6 अगस्त को दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने बालक को दिलासा देकर खाना खिलाया। उसने बताया वह स्कूल में छुपाकर मोबाइल ले गया था जो वहां के शिक्षको ने देख लिया था तो मैं वापस जब स्कूल से घर आया तो मुझे लगा की स्कूल के शिक्षक और मेरे सहपाठी मोबाइल के बारे में घर वालों को बताएंगे जिससे माता पिता गुस्सा करेंगे तो मैं घर से बिना बताए इन्दौर आ गया था।

# बीफार्मा स्टूडेंट सुसाइड केस में इंग्लिश टीचर पर एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाणगंगा पुलिस ने मंगलवार को बीफार्मा के स्टूडेंट सुसाइड केस में ब्लैकमेल करने वाली इंग्लिश टीचर और उसकी मां को आरोपी बनाया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने रेप का केस दर्ज कराने की बात पर महिला थाने में पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर दबाव बनाया और रुपए का लेनदेन किया था।**

बाणगंगा पुलिस ने गौरव हाड़ा (19) की मंगलवार रात सुसाइड के मामले में पुलिस ने परदेशीपुरा में इंग्लिश की कोचिंग पढ़ाने वाली टीचर आकांक्षा कोरी और उसकी मां आरती कोरी पर आत्महत्या के लिये उकसाने सहित गंभीर धाराओं में गुरुवार रात केस दर्ज कर लिया।

पुलिस ने छात्र के पिता राजू के बयान लिये थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि बेटे गौरव ने उन्हें जानकारी दी थी 11 माह से आकांक्षा उसे परेशान कर रही है। दोनों की दोस्ती है। वह ब्लैकमेल कर रुपए की डिमांड कर रही है। 5 अगस्त सोमवार को आकांक्षा अपनी मां आरती को लेकर घर आई। यहां रुपए मांगे। तब राजू ने कहा कि दोनों पढ़ने-लिखने वाले बच्चे हैं। उनका भविष्य खराब हो जाएगा। आकांक्षा ने कहा कि कल (मंगलवार) सुबह महिला थाने आ जाना। मैं तुम्हें छोड़ूंगी नहीं। मंगलवार को हम महिला थाने गए। यहां पर आकांक्षा और उसकी मां आरती पहले से बैठे थे। उन्होंने रेप की झूठी एफआईआर दर्ज करने की धमकी दी। लेकिन उन्होंने पैसे लेने की बात कहकर समझौता कर लिया। इसी दिन शाम को आकांक्षा और उसकी मां फिर घर आ गई। यहां उन्होंने बेटे को काफी बुरा-भला कहा। इसके बाद गौरव कमरे में चले गया। यहां उसने सुसाइड कर लिया। इन बयानों के बाद पुलिस ने गुरुवार देर रात एफआईआर दर्ज की है।

# अमीर बनने के लिए बेचता था गांजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट इंदौर। जल्द अमीर बनने की चाह में युवक गांजा बेचने लगा। नशा मुक्ति अभियान में उसे हीरानगर पुलिस ने पकड़ा। आरोपी के पास से एक किलो गांजा जब्त हुआ है। थाना प्रभारी पीएल शर्मा ने बताया कि जोन 3 के उपायुक्त पंकज पांडे के निर्देशन पर थाना क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान बुधवार को चलाया गया था। अभियान के दौरान कई नशाखोरों पर कार्रवाई की थी। इसी क्रम में वाहनों की चेकिंग में भी जुटी हुई थी। चेकिंग के दौरान एमआर 10 चौराहा के पास बाइक से युवक आता दिखा। जब युवक ने पुलिस को देखा तो भागने लगा। पुलिस ने आधा किलोमीटर तक पीछा करने के बाद आरोपी को पकड़ा। आरोपी से जब बाइक के कागजात मांगे तो वह बरगलाने लगा। बाइक पर रखी प्लास्टिक की थैली को चेक किया तो उसमें गांजा होना पाया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक पिता सोहनलाल यादव निवासी नवांकुर स्कूल वाली गली थाना बाणगंगा को गिरफ्तार किया है। गांजा कहां से लाया और किसे डिलीवरी देने जा रहा था, के संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

# मंत्री को लगा भाजपा पार्षद का धक्का, पैर फ्रैक्चर

## कांवड़ यात्रा में शामिल होने गए थे राकेश सिंह, बोले- मैं ठीक हूं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर । मध्यप्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह को भाजपा पार्षद का पीछे से धक्का लग गया। उनका पैर मुड़ गया, वे गिरते-गिरते बचे। डॉक्टर के पास गए तो पैर में फ्रैक्चर निकला। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है। मंत्री का कहना है कि वे ठीक हैं।**

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह दो दिवसीय दौरे पर गुरुवार को जबलपुर पहुंचे हैं। शाम करीब 4 बजे वे ग्वारीघाट से रामपुर चौराहा तक निकाली जा रही कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। वे हाथ में तिरंगा लेकर सबसे आगे चल रहे थे। यात्रा में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और महिलाएं भी मौजूद रहीं।

यात्रा शुरू होने के 50 कदम चले ही थे, तभी भीड़ का धक्का मंत्री के पीछे चल रही भाजपा पार्षद मालती चौधरी को लगा। वह संभल नहीं पाईं और आगे चल रहे राकेश सिंह से टकरा गईं। मंत्री राकेश सिंह का भी बैलेंस बिगड़ गया। वे गिरते-गिरते बचे, लेकिन उनका पैर मुड़ गया। उन्होंने अपना पैर पकड़ लिया और दर्द से कराह उठे। वहां मौजूद लोगों ने मंत्री राकेश सिंह को संभाला।

### एक्सरे रिपोर्ट में माइनर फ्रैक्चर

कांवड़ यात्रा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने उन्हें पैरों पर खड़ा करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें असहनीय दर्द हो रहा था। इसके बावजूद उन्होंने कुछ कदम चलने की कोशिश की। ज्यादा दर्द होने के चलते मंत्री राकेश सिंह को डॉक्टर के पास ले जाया गया। डॉक्टर ने पैर का एक्सरे करवाया। रिपोर्ट में माइनर फ्रैक्चर आया है। डॉक्टर ने बेड रेस्ट की सलाह दी है।

# 10 साल की बच्ची के साथ रेप

## ◆ बोल-सुन नहीं पाती, उठाकर ले गया आरोपी मां को इशारे में बताई आपबीती



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम । रतलाम में 10 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। मां - पिता के साथ सो रही बच्ची को आरोपी उठाकर ले गया। घटना बुधवार - गुरुवार की दरमियानी रात 3 बजे की है।**

हुसैन टेकरी पुलिस चौकी के जावरा - उज्जैन बाइपास किनारे घटना हुई है। झोपड़ी में सो रहे मां-पिता की नींद खुली तो बच्ची नहीं थी। तलाश करने पर वह 30 मीटर दूर मिली।

बच्ची के परिजन जड़ी-बूटी बेचने का काम करते हैं। गुरुवार सुबह टॉयलेट करने में परेशानी होने पर मां ने पूछा, तब बच्ची ने इशारों में घटना बताई। इसके बाद परिजन ने औद्योगिक थाने में शिकायत की। पुलिस ने डॉग स्क्वायड को बुलाकर घटनास्थल पर सर्च की।

वहीं, बच्ची को जावरा सिविल अस्पताल ले जाया गया। यहां से इलाज के बाद गुरुवार शाम उसे मेडिकल कॉलेज रतलाम रेफर किया गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

### आरोपी की तलाश जारी

गुरुवार रात एएसपी राकेश खाखा भी जावरा पहुंचे। घटना स्थल का मौका मुआयना किया। सीएसपी दुर्गेश आर्मो ने बताया कि परिजन बच्ची को लेकर थाने पहुंचे थे। शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पीडब्ल्यूडी ठेकेदारों को राशि राजसात का नोटिस

## कोठारी सहित जुनेजा, गुप्ता ने गारंटी पीरियड में नहीं भरें सड़कों के गड्ढे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। पीडब्ल्यूडी, नगर निगम और एमपीआरडीसी की शहर के भीतरी व बाहरी क्षेत्र में सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई है। गुरुवार को पीडब्ल्यूडी ने शहर सीमा के भीतर व बाहर वाली गारंटी पीरियड की सड़कों के ठेकेदार को नोटिस दिया। विभागीय नोटिस में ठेकेदारों को सड़कों को 15 दिन के भीतर गड्ढा मुक्त किए जाने की बात कही है। ऐसा नहीं करने पर विभाग के पास जमा राशि राजसात कर ली जाएगी।**

पीडब्ल्यूडी ने ठेकेदार अशोक कोठारी की फर्म बालाजी कंस्ट्रक्शन सहित पीयूष कुमार जुनेजा इंफ्रास्ट्रक्चर और केजी गुप्ता इंफ्रास्ट्रक्चर को भी नोटिस दिया है। बालाजी कंस्ट्रक्शन के पास पड़ेला हनुमान मंदिर-सिहाड़ा रोड, पीयूष कुमार जुनेजा इंफ्रास्ट्रक्चर का जिला अस्पताल से इंदौर नाका और खंडवा-दुल्हार एवं केजी गुप्ता इंफ्रास्ट्रक्चर के पास धरमकांटा से इंदौर नाका एवं सिविल लाइंस क्षेत्र में कलेक्टर कार्यालय और आवास से लेकर सर्किल रोड का काम है।

तीनों ही फर्मों के पास रिन्यूअल गारंटी पीरियड में सभी सड़कें हैं लेकिन ठेकेदार जानबूझकर रोड के गड्ढे नहीं भर रहे हैं। पीडब्ल्यूडी ईई हृदेश आर्य के मुताबिक, विभागीय सड़कों के बारिश के दौरान गड्ढा मुक्त करने के लिए सभी ठेकेदारों को नोटिस दिया है। जिसमें बारिश के बार रिन्यूअल वर्क न करने पर राशि राजसात करने के निर्देश दिए गए हैं। सड़कों से 15 दिन में गड्ढा मुक्त करने का अभियान गुरुवार से शुरू हुआ।

# सड़क हादसे ने ली तीन सगे भाई बहनों की जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी** जिले के ठीकरी स्थित नेशनल हाईवे पर गुरुवार को हुए एक दर्दनाक हादसे में तीन सगे भाई-बहनों की मौके पर मौत हो गई। दरअसल मोटरसाइकिल सवार तीनों भाई बहन हाईवे पर से गुजरते समय सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों ही भाई बहनों के सिर पर गंभीर चोट के निशान देखे गए।

बड़वानी जिले के ठीकरी ब्लॉक से गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को हुए एक हादसे में एक ही घर के तीन चिराग एक साथ बुझ गए। वहीं इस घटना की जानकारी लगते ही प्रदेश के धार जिले के उमरबन गांव में मातम पसर गया।



दरअसल एक ही परिवार के दो सगी बहनें और एक भाई मोटरसाइकिल पर सवार होकर राष्ट्रीय राजमार्ग से जुलवानिया की ओर जा रहे थे। इस बीच ठीकरी ब्लॉक के नेशनल हाईवे स्थित कृष्णा होटल के समीप उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। इसमें घटनास्थल पर ही बाइक सवार तीनों सगे भाई बहनों की मौत हो गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि, जिसने भी शवों को देखा, उसकी रूह कांप गई। हादसे की जानकारी लगते ही आसपास के ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंचे पुलिस बल ने शवों को पीएम के लिए ठीकरी अस्पताल भिजवाया। मृतकों की शिनाख्त बाइक क्रमांक एमपी 11 जेड सी 1382 चला रहे युवक धर्मेन्द्र पिता चेनसिंग जर्मन, के साथ ही उसकी दो बहनें रेखा पिता चेनसिंग जर्मन और शर्मिला पिता चेनसिंग जर्मन के रूप में हुई है। फ़िलहाल इस मामले में पुलिस में मर्ग क़ायम कर मामला संज्ञान में लिया है।

# हुसैन टेकरी में 10 साल की बच्ची के साथ रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम में जावरा के हुसैन टेकरी इलाके में 10 साल की बच्ची के साथ रेप का मामला सामने आया है। मां - पिता के साथ सो रही बच्ची को आरोपी उठाकर ले गया। घटना बुधवार - गुरुवार की दरमियानी रात 3 बजे की है। झोपड़ी में सो रहे मां-पिता की नींद खुली तो बच्ची नहीं थी। तलाश करने पर वह 30 मीटर दूर मिली। बच्ची के परिजन जड़ी-बूटी बेचने का काम करते हैं। गुरुवार सुबह टॉयलेट करने में परेशानी होने पर मां ने पूछा, तब बच्ची ने इशारों में घटना बताई। इसके बाद परिजन ने औद्योगिक थाने में शिकायत की। पुलिस ने डॉग स्क्वायड को बुलाकर घटनास्थल पर सर्च की। वहीं, बच्ची को जावरा सिविल अस्पताल ले जाया गया। यहां से इलाज के बाद गुरुवार शाम उसे मेडिकल कॉलेज रतलाम रेफर किया गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# खतरनाक और जर्जर भवनों को हटाने के आदेश, नगरीय निकायों को आयुक्त के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में जर्जर भवनों की दीवार और छज्जा गिरने से दुर्घटनाओं के लगातार मामले सामने आ रहे हैं। अब इसको लेकर प्रदेश सरकार गंभीर हुई है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त भरत यादव ने नगरीय निकायों को जर्जर भवनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका अधिनियम 1956 और मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 के अनुसार जर्जर भवनों पर कार्रवाई करने का प्रावधान है। आयुक्त ने नगरीय निकायों को हिदायत दी है कि जीर्ण-क्षीर्ण भवनों के संबंध में केवल सूचना-पत्र जारी करके खानापूर्ति ना करें। बल्कि इससे संबंधित समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जर्जर निजी अथवा शासकीय भवनों को नोटिस दिए जाने की सूचना तथा उसकी सूची जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा, जर्जर भवन में रह रहे परिवारों के व्यवस्थापन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और उन्हें जर्जर भवन खाली करने के लिए कहा जाए। इसके बावजूद यदि परिवार भवन खाली नहीं करता है, तो भवन की बिजली एवं जल प्रदाय कनेक्शन काटने की कार्रवाई तेजी से की जाए। बता दें, सागर में जर्जर भवन की दीवार गिरने गिरने से उसकी चपेट में आने से नौ बच्चों की मौत हो गई थी। इससे पहले रीवा में स्कूल से लौटते वक्त चार बच्चों की दीवार गिरने से मौत हो गई थी। इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब प्रशासन ने इन पर संज्ञान लिया है।

# 2 दिन में 6 कलेक्टर के नाम से फ्रॉड की कोशिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के कलेक्टर (आईएएस अफसर) साइबर ठगों के निशाने पर हैं। बीते दो दिन में साइबर ठगों ने प्रदेश के 6 कलेक्टरों के नाम पर ठगी करने की कोशिश की है। ये कलेक्टर जबलपुर, धार, सिवनी, उमरिया, शहडोल और शिवपुरी के हैं।

जबलपुर कलेक्टर के नाम पर तो 25 हजार रुपए की ठगी हो भी गई। सभी मामलों की साइबर सेल जांच कर रही है। किसी भी तरह के फ्रॉड से बचने के लिए कलेक्टर ने भी लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। जबलपुर कलेक्टर का पहले भी फेसबुक अकाउंट हैक हो चुका है। इससे पहले लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के नाम से भी फेसबुक पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी करने की कोशिश की गई थी।7 अगस्त को जालसाजों ने कलेक्टर दीपक सक्सेना के नाम से उनके रिश्तेदार से 25 हजार की ठगी की है। ठग ने साइबर फ्रॉड करते हुए वाट्सएप पर कलेक्टर दीपक की फोटो लगाई। फिर कई रिश्तेदारों को मैसेज किया। झांसे में आकर एक रिश्तेदार ने 25 हजार ट्रांसफर भी कर दिए गए। दीपक सक्सेना को ठगी का पता चला तो हैरान हो गए। उन्होंने फर्जी वाट्सएप नंबर ब्लॉक कर आरोपी की तलाश के निर्देश साइबर सेल को दिए हैं। कलेक्टर ने अपनी फेसबुक आईडी पर भी इस नंबर को फेक बताते हुए कहा है कि अज्ञात नंबर से उनकी प्रोफाइल फोटो लगाकर लोगों से संपर्क किया जा रहा है। जिससे लोगों को धोखा हो रहा है। उन्होंने कहा है कि इन नंबरों का कलेक्टर जबलपुर से कोई संबंध नहीं है। नंबर फर्जी हैं।

# रैली में कांग्रेस के दो गुट भिड़े, फायरिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया।** दतिया में गुरुवार को कांग्रेस की जन आक्रोश रैली के बाद फायरिंग से हड़कंप मच गया। मौके पर खून के निशान और कुछ गाड़ियों के कांच टूटे हुए मिले हैं। पुलिस ने एक संदिग्ध को पकड़ा है। उसके पास से रायफल जब्त की है। इसके अलावा 2-3 अन्य लोगों को भी पकड़ा है। सभी से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि एसपी ऑफिस के सामने शाम करीब पौने 5 बजे 3 राउंड गोली चली। इस दौरान रैली में शामिल सैकड़ों लोग सड़क पर ही थे। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें फायरिंग की आवाज सुनाई दे रही है।पुलिस के अनुसार रैली के दौरान रोहित गुर्जर और परविंद गुर्जर के बीच डीजे आगे-पीछे करने को लेकर विवाद हुआ था। रोहित डीजे आगे जबकि परविंद पीछे करने का कह रहा था। रोहित, रामू गुर्जर गुट का है। वहीं, परविंद दूसरे गुट का है। मामले की जानकारी लगते ही कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती कोतवाली थाने पहुंचे। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता भी यहां पहुंचे। पुलिस का कहना है कि आपसी विवाद में गोली चली है।

## संपादकीय

# ध्यान नहीं दिया गया तो मुश्किलें खड़ी होना तय

देखा जाये तो दुनिया के अधिकतर इस्लामिक देश अशांत हैं। बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान तो कभी अखण्ड भारत का ही हिस्सा थे लेकिन इनकी दिक्कतें तभी शुरू हुईं जब यह इस्लामिक देश बने। जबकि हिंदू बहुल भारत में लोकतंत्र मजबूत और स्थिर रहा तथा देश के सेकुलर रहने से सभी धर्मों के लोग यहां पूरी आजादी के साथ अपने जीवन का निवर्हन करते हैं। तुर्की अशांत है, यमन अशांत है, कांगो अशांत है, ईरान अशांत है, इराक अशांत है, सूडान अशांत है, मिस्त्र अशांत है, सीरिया अशांत है, बांग्लादेश अशांत है, सोमालिया अशांत है, पाकिस्तान अशांत है, मालदीव अशांत है, नाइजीरिया अशांत है, तजाकिस्तान अशांत है, अफगानिस्तान अशांत है।लेकिन भारत का साम्प्रदायिक सौहार्द्र उन अराजक तत्वों को भा नहीं रहा है जोकि 2047 तक हिंदुस्तान को इस्लामिक राष्ट्र में तब्दील करने का एजेंडा लेकर आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिये योजनाबद्ध तरीके से विभिन्न इलाकों की डेमोग्राफी बदली जा रही है। रिपोर्टों के मुताबिक देश के 9 राज्यों, 200 जिलों और 1500 तहसीलों का जनसांख्यिकी अनुपात बिगाड़ा जा चुका है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने पिछले सप्ताह ही कहा था कि भारत में रोहिंग्या घुसपैठ काफी बढ़ गई है तथा जनसांख्यिकी में बदलाव आने का खतरा वास्तविक और गंभीर है। उन्होंने कहा था कि रोहिंग्या लगातार भारत-बांग्लादेश सीमा का इस्तेमाल करके भारत में आ रहे हैं और कई राज्य जनसांख्यिकीय बदलाव की समस्या का सामना कर रहे हैं।देखा जाये तो यदि इस समस्या का समाधान निकालने पर ध्यान नहीं दिया गया तो मुश्किलें खड़ी होना तय है। इस संबंध में विश्व इतिहास के कुछ उदाहरणों से सबक लिया जा सकता है। पहले तुर्की, मिस्त्र और सीरिया में ईसाई बहुसंख्यक थे। लेकिन आज यह इस्लामिक राष्ट्र हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में हिंदुओं की अच्छी खासी आबादी थी जोकि अब न्यूनतम स्तर पर पहुँच गयी है। ईरान में 90% पारसी थे और उसका नाम पर्सिया था लेकिन आज वह इस्लामिक देश है और वहां कट्टरपंथी सोच वाली सरकार है। वैश्विक घटनाक्रमों पर नजर डालेंगे तो यह भी प्रतीत होगा कि कम कट्टरपंथियों वाले देश और ज्यादा कट्टरपंथियों वाले देश के हालात में क्या फर्क होता है।अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, चीन, इटली, नॉर्वे आदि में कट्टरपंथियों की आबादी 2 प्रतिशत से भी कम है इसलिए वहां दंगे इत्यादि नहीं होते। डेनमार्क, जर्मनी, ब्रिटेन, स्पेन और थाईलैंड में कट्टरपंथियों की आबादी 5 प्रतिशत तक है इसलिए वहां आपको अक्सर छोटी-छोटी बातों पर धरना प्रदर्शन होने की खबरें मिलती होंगी। फ्रांस, फिलिपींस, स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, नीदरलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो आदि में कट्टरपंथियों की आबादी 10 प्रतिशत तक है इसलिए वहां विशेष दर्जा और तमाम सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन होते हैं। गुयाना, भारत, इज़राइल, केन्या और रूस आदि में इनकी आबादी 10 से 20 प्रतिशत तक है तो विशेष धार्मिक कानून, विशेष स्कूल, विशेष तालीम और विशेष ड्रेस कोड लागू करने पर जोर दिया जाता है। कट्टरपंथियों की आबादी का प्रतिशत जिन देशों में 20 प्रतिशत से ज्यादा है। वहां अपहरण, बलात्कार, सामूहिक धर्मांतरण, आगजनी, नरसंहार, गृहयुद्ध जैसी स्थितियों के चलते बड़ी संख्या में लोगों का पलायन भी होता है। ऐसे देशों में बोस्निया, लेबनान, अल्बानिया, मलेशिया, कतर, सूडान, बांग्लादेश, मिस्त्र, गाजा, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, जॉर्डन, मोरक्को, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, सीरिया, तजाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, सोमालिया और यमन आदि शामिल हैं।अगर इन उदाहरणों से भी बात आपकी समझ में नहीं आई है तो कुछ और उदाहरणों को देखना चाहिए। जैसे कि दुर्योधन का ननिहाल गंधार अब अफगानिस्तान कहलाता है। भरत जी का ननिहाल कैकेय अब पाकिस्तान कहलाता है। ईस्ट बंगाल अब बांग्लादेश कहलाता है। वेस्ट पंजाब अब पाकिस्तान का हिस्सा है। आगे चल कर भारत को और कोई दिक्कत पेश नहीं आये इसलिए अभी से सख्त कदम उठाना जरूरी है। लेकिन सवाल उठता है कि हमारे सभी जनप्रतिनिधि कब देश की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान देंगे। देखा जाये तो आज वास्तविक समस्या महंगाई या बेरोजगारी नहीं बल्कि जनसंख्या का बिगड़ता अनुपात है।

## अर्ज़ किया है..!

*सुना रहा हूँ उन्हें*
*झूट-मूट इक क़िस्सा*
*कि एक शख़्स*
*मोहब्बत में कामयाब रहा*

*- ख़लील-उर-रहमान आज़मी*

## OSHO कहिन

**वह इंसान जो अकेले रहकर भी खुश है, असल में वही इंसान कहलाने योग्य है।**



## महिला जगत

# ओलंपिक से बाहर हुईं विनेश फोगाट के नाम हैं कई उपलब्धियां

पेरिस ओलंपिक के फाइनल तक पहुंचकर भी विनेश फोगाट पदक से दूर हो गईं हैं। उन्हें फाइनल स्पर्धा से पहले ही अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया। विनेश क्वालिफायर और सेमीफाइनल दौर से पहले वजन मापदंड के भीतर थीं। लेकिन फाइनल में महज कुछ ग्राम अधिक वजन के कारण उन्हें ओलंपिक से बाहर कर दिया गया। उनके साथ ही पूरे देश की उम्मीद कुश्ती में एक पदक से जुड़ गई थी। हालांकि बिना स्पर्धा के हार के बाद भी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फोगाट के नाम एक संदेश देते हुए कहा, 'आप हमारी चैंपियन हैं।' ओलंपिक तक पहुंची विनेश फोगाट का अब तक का सफर आसान नहीं था। रिंग में ट्रेनिंग से सड़क पर प्रदर्शन तक उन्हें संघर्ष करते देखा गया। आइए जानते हैं देश की दमदार महिला पहलवानों की सूची में शामिल विनेश फोगाट के करियर, संघर्ष और उनकी उपलब्धियों के बारे में।




### विनेश फोगाट का जीवन परिचय

विनेश फोगाट का जन्म 25 अगस्त 1994 को हरियाणा के बलाली गांव में हुआ था। विनेश भारत के सबसे प्रसिद्ध कुश्ती परिवार से ताल्लुक रखती हैं। चचेरी बहनों गीता फोगाट और बबीता कुमारी के जरिए उनका परिचय कुश्ती से हुआ। जब फोगाट बहनों ने कुश्ती करना शुरू किया तो उनके माता पिता को ताने सुनने को मिले। लेकिन कम उम्र में फोगाट बहनों ने कुश्ती के गुण सीखे।

महज नौ साल की उम्र में विनेश के पिता का अचानक निधन हो गया। उनके ताऊ ने ही अपनी बेटियों के साथ विनेश को भी कुश्ती सिखाई। पुरुषवादी व रूढ़िवादी विचारों को टक्कर देते हुए फोगाट बहनों ने छोटे छोटे बाल कटवाए और निक्कर पहनकर गांव में प्रैक्टिस करने जाने लगीं।

### विनेश फोगाट की कड़ी ट्रेनिंग

उन्हें ट्रेनिंग के लिए सुबह साढ़े तीन बजे उठना पड़ता था। बिना घंटों की गिनती किए बिना लगातार प्रैक्टिस करना होता था। गलती पर मार भी पड़ती। ट्रेनिंग की थकान के कारण स्कूल में क्लास के दौरान फोगाट सो जाया करती थीं। उन्हें लंबे बाल रखने की इजाजत नहीं था, क्योंकि लंबे बार उनका ध्यान भटका सकते थे।

### विनेश फोगाट का करियर

विनेश फोगाट ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2014 में अपना पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता। फिर 2016 रियो ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। हालांकि उस दौरान वह पदक जीतने से चूक गईं। 2018 में राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों में स्वर्ण हासिल किया।

### विनेश फोगाट की उपलब्धि

फोगाट ने नूर सुल्तान में पहला विश्व चैंपियनशिप पदक हासिल किया और इससे पहले एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर सभी को हैरान कर दिया था। 2021 एशियाई चैंपियनशिप में अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक में शामिल हुईं। राष्ट्रमंडल खेल 2022 में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक हासिल किया। विनेश फोगाट तीन राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान हैं।

वहीं ओलंपिक के फाइनल तक पहुंचने वाली पहली वह पहली भारतीय महिला हैं, हालांकि फाइनल खेले बिना हार कर वह ओलंपिक से बाहर हो गईं।

New Delhi

# हर सोमवार को थाने में लगानी होगी हाजिरी... मनीष सिसोदिया को इन शर्तों पर मिली जमानत

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत मिली है. कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है. मनीष सिसोदिया 17 महीने से तिहाड़ जेल में बंद थे.**

कथित शराब घोटाले में ट्रायल शुरू होने में हुई देरी को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में जमानत दे दी है.

सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर 6 अगस्त को फैसला सुरक्षित रख लिया था. शुक्रवार को इस पर फैसला देते हुए जस्टिस गवई ने कहा



कि 17 महीने की लंबी कैद और मुकदमा शुरू न होने के कारण उन्हें सुनवाई के अधिकार से वंचित किया गया है.

इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि 400 से ज्यादा गवाहों को देखते हुए जल्द ही इसका ट्रायल पूरा होने की संभावना भी नहीं दिखती.

मनीष सिसोदिया को जमानत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वो समाज के सम्मानित व्यक्ति हैं और उनके भागने की आशंका भी नहीं है. साथ ही ये भी कहा कि इस मामले में ज्यादातर सबूत भी जुटाए जा चुके हैं, इसलिए उनके साथ छेड़छाड़ करने की कोई संभावना नहीं है. हालांकि, गवाहों को प्रभावित करने या डराने के मामले में उनपर शर्तें लगाई जा सकती हैं. सुप्रीम कोर्ट ने मनीष सिसोदिया को 10 लाख के मुचलके पर जमानत दी है. साथ ही दो बड़ी शर्तें भी लगाई हैं.

New Delhi

## वॉन्टेड ISIS आतंकी रिजवान अरेस्ट, दिल्ली के कई इलाकों में की थी IED ब्लास्ट की टेस्टिंग



**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने ISIS के आतंकी रिजवान को गिरफ्तार किया है. पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए आतंकी पर 3 लाख रुपये का इनाम था. वह NIA की वॉन्टेड लिस्ट में शामिल था. आतंकी रिजवान दिल्ली के दरियागंज इलाके का रहने वाला है.**

सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को एनआईए के वांछित आतंकी रिजवान अली के बारे में सूचना मिली थी कि रिजवान रात को बायोडायवर्सिटी पार्क, गंगा बक्श मार्ग पर आने वाला है. सूचना के बाद ट्रैप लगाकर करीब 11 बजे गिरफ्तार कर लिया. टीम ने उसके पास से .30 बोर की एक स्टार पिस्टल, 3 कारतूस और 2 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनका डेटा खंगाला जा रहा है. रिजवान अली पर NIA ने UAPA के तहत मुकदमा दर्ज कर उस पर 3 लाख का इनाम घोषित किया हुआ था. वहीं, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने भी रिजवान के खिलाफ UAPA और Explosive Act में मामला दर्ज किया हुआ था.

रिजवान पुणे आईएसआईएस मॉड्यूल का सबसे कुख्यात आतंकी है. पुणे मॉड्यूल के कई आतंकियों को पुणे पुलिस और एनआईए गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन रिजवान जांच एजेंसियों को चकमा देकर लंबे वक्त से फरार चल रहा था. पुणे मॉड्यूल के आतंकियों ने दिल्ली और मुंबई के कई वीवीआईपी इलाकों की रेकी की थी.

Bihar

## पटना में भिड़ गए बेगूसराय और जहानाबाद के छात्र, हॉस्टल में चलीं दनादन गोलियां

**पटना, (एजेंसी)** बिहार की राजधानी पटना में बेगूसराय और जहानाबाद के छात्रों के बीच भिड़ंत हो गई है। दोनों गुटों के बीच गुरुवार को दनादन गोलियां चलाई गईं। बेगूसराय के छात्र सैदपुर छात्रावास में रह रहे हैं। वहीं, जहानाबाद के छात्र बीएन कॉलेज छात्रावास के हैं। ये दोनों गुट कॉलेज में अपना वर्चस्व कायम करने के लिए आपस में भिड़ गए। पहले गुरुवार दोपहर को सैदपुर हॉस्टल के लड़कों ने बीएन कॉलेज छात्रावास के गेट पर फायरिंग की। इसके बाद रात में बीएन कॉलेज हॉस्टल के लड़कों ने सैदपुर छात्रावास के बाहर गोलियां बरसाईं। जानकारी के मुताबिक बीएन कॉलेज छात्रावास के लड़कों ने गुरवार दोपहर करीब सवा तीन बजे पुलिस को फोन कर फायरिंग की सूचना दी थी। इसके बाद पीरबहोर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हॉस्टल के लड़कों ने पुलिस को चार खोखे दिए और सैदपुर छात्रावास के छात्रों पर फायरिंग का आरोप लगाया। पुलिस इसके बाद जांच में जुट गई। इसके बाद देर रात सैदपुर हॉस्टल के पास फायरिंग की सूचना मिली। हॉस्टल में रहने वाले लड़कों ने बीएन कॉलेज छात्रावास के छात्रों पर गोलीबारी का आरोप लगाया।

Uttarpradesh

## कन्नौज में बड़ा हादसा, हाईवे किनारे खड़े कंटेनर में घुसी डीसीएम, 4 लोगों की मौत

**कन्नौज, (एजेंसी)** कन्नौज में हाइवे किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से तेज रफ्तार जा घुसी।हादसे में डीसी एम सवार चार की लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं एक घायल हो गया।सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने हाइवे कर्मियों और ग्रामीणों के सहयोग से सभी को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां चार को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि एक घायल युवक को भर्ती कर इलाज दिया जा रहा है।

शुक्रवार सुबह करीब साढ़े छह बजे कानपुर अलीगढ़ हाईवे पर गुरुसहायगंज की चौकी मझपुरवा के अंतर्गत जुनैदपुर कट के पास दिल्ली की ओर जा रही एक डीसीएम खड़े कंटेनर में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि डीसीएम सवार विपिन कुमार पुत्र बृजलाल नि0 जौनपुर मछलीशहर , सोनू शर्मा पुत्र ओमप्रकाश उम्र 23 वर्ष नि0 रमई अमेठी, प्रशांत सिंह पुत्र पवन सिंह उम्र 22 वर्ष नि0 पुरे बरियार बिसेन दुलापर कला शाहगढ़ अमेठी व सन्तोष कुमार पुत्र नामालूम नि0 सरेसर थाना जगदीशपुर अमेठी की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि पवन कुमार पुत्र लालजी उम्र 30 वर्ष नि0 माटरी मझुरा मछलीशहर जौनपुर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चार लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि घायल युवक को भर्ती कर इलाज दिया जा रहा है।। बताया जा रहा है कि पंजाब से लेदर लादकर कोलकाता जा रहे कंटेनर का डीजल खत्म होने के चलते चालक जगदीश सिंह पुत्र बूटा सिंह निवासी ग्राम सरावां थाना कोटकपुरा जनपद फरीदकोट पंजाब ने गाड़ी को किनारे खड़ा कर दिया था।

खेल

# भारत ने 52 साल बाद ओलंपिक में जीता लगातार दूसरा पदक, स्पेन को ब्रॉन्ज मेडल मैच में हराया

**पेरिस, (एजेंसी) भारत ने पेरिस ओलंपिक में ब्रॉन्ज मेडल मैच में स्पेन को 2-1 से हराकर पदक अपने नाम किया है. भारत के लिए इस मैच में दोनों गोल हरमनप्रीत सिंह ने किए. जबकि स्पेन के लिए एक गोल मार्को मारिलेस ने किया. भारतीय हॉकी के इतिहास में ऐसा 52 साल बाद ऐसा हुआ है, जब टीम इंडिया ओलंपिक में लगातार दो मेडल जीत पाई है. यह ओलंपिक में भारतीय हॉकी के लिए 13वां मेडल है.**




### पहले क्वार्टर में नहीं हुआ कोई गोल

इस मैच में पहले क्वार्टर में कोई भी टीम अपने लिए पेनाल्टी कॉर्नर का मौका नहीं बना पाई. हालांकि इस क्वार्टर के शुरुआती मिनटों में सुखजीत ने फील्ड गोल करने का सुनहरा मौका गंवा दिया. एक मामूली एंगल के साथ उनकी गेंद गोल पोस्ट के बराबर से निकल गई. इसके बाद, दूसरे क्वार्टर में स्पेन को केवल तीन मिनट बाद ही पेनल्टी स्ट्रोक दिया गया, जिसको मार्क मिरालेस ने गोल में तब्दील करके अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया. हालांकि, दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम ने गोल करने का एक और मौका गंवाया, जब हार्दिक जरमनप्रीत के शॉट को गोलपोस्ट में भेजने से चूक गए.

**हरमनप्रीत सिंह ने किए दो गोल**-इस क्वार्टर में भारत ने अंतिम मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करके स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया. यह गोल भारतीय टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने किया. तीसरे क्वार्टर में हरमनप्रीत सिंह एक बार फिर भारत के लिए गोल करने वाले खिलाड़ी बने, जिन्होंने इस क्वार्टर में 12 मिनट शेष रहते हुए एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर दिया. इसके साथ ही भारत की बढ़त 2-1 हो गई.

इसके तुरंत बाद भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन इस बार यह गोल में तब्दील नहीं हो पाया. चौथे क्वार्टर में स्पेन की टीम ने वापसी की काफी कोशिश की और उनको अंतिम मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर भी मिले, लेकिन भारतीय डिफेंस ने बढ़िया काम करते हुए कोई गोल नहीं होने दिया.

सिनेमा

## 'आतंकवादी' के किरदार से डेब्यू करने वाले थे अभिषेक, अमिताभ बच्चन ने जताया ऐतराज तो डायरेक्टर ने जला दी स्क्रिप्ट



एक्टर अभिषेक बच्चन ने जब फिल्म 'रिफ्यूजी' (2000) से बॉलीवुड डेब्यू किया, तो इंडिया के फिल्म फैन्स की नजरें उनपर लगी हुई थीं. आखिरकार वो हिंदी फिल्मों के 'महानायक' कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन के बेटे थे. अभिषेक की पहली फिल्म भले फ्लॉप रही, लेकिन उन्होंने धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी जगह तो बना ही ली. मगर क्या आपको पता है कि अभिषेक का डेब्यू पहले 'भाग मिल्खा भाग' बनाने वाले डायरेक्टर राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म से होने वाला था?

अब राकेश ने बताया है कि उनकी पहली फिल्म 'समझौता एक्सप्रेस' से अभिषेक बच्चन डेब्यू करने वाले थे. मगर ये फिल्म शुरू होने से सिर्फ कुछ महीने पहले ही बंद हो गई जिससे उनका दिल टूट गया. राकेश ने बताया कि उस समय इंडस्ट्री के लोगों को लगा कि ये फिल्म बहुत ज्यादा रिस्की है.

शिव तलवार के यूट्यूब चैनल पर दिए एक इंटरव्यू में राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि इंडस्ट्री को लगा 'समझौता एक्सप्रेस' में जो कहानी उन्होंने लिखी है, वो 'आग से खेलने' जैसा है. क्योंकि अभिषेक बच्चन इस फिल्म में एक पाकिस्तानी आतंकवादी का किरदार निभाने वाले थे.

## Highlights

1. **Quarry jolt to 400 acres of Hassan deemed forest**
2. **Delhi records its cleanest air in last 6 years on Thursday**
3. **Sheikh Hasina will return to Bangladesh for elections, says son Sajeeb**
4. **Harish Salve to represent IOA in Vinesh Phogat's Olympic disqualification case today**
5. **Soldiers who helped in Wayanad rescue ops get 'emotional' farewell**

# Microsoft says Iranian hackers targeted US political campaigns




**NEW DEIHI, (Agency).** A hacking group linked to the Iranian government tried to breach the email accounts of presidential campaign staffersas part of a wider effort to gather intelligence ahead of the US election, Microsoft Corp. saidFriday.

Attackers connected to the Islamic Revolutionary Guard Corps in June used a compromised email address from aformer political adviser totry phishinganother high-ranking presidential campaign official, according to findings from Microsoft's Threat Analysis Center.That group, which Microsoft calls Mint Sandstorm, also unsuccessfully attempted to log in to the account of a former presidential candidate. The report didn't identify the individual targets by name.

Other Iranian groups are using artificial intelligence technology to publish content online insultingformer president Donald Trump and create inflammatory posts about controversial issues such as gender reassignment surgery, according to the report.

Microsoft researchers also said that Iranian groups that have historically tried to undermine trust in the electoral systemhave since March been preparing to launch influence operations.Using websites with fabricated and plagiarized content, supposed media operations launched by Iranian groups also have sought to amplify polarizing political messaging about topics such as presidential candidates and Israel's war against Hamas, researchers found.

The findings are the latest evidence thatforeign governments are conductingclandestine operations ahead ofUS elections in November. American intelligence officials in July warned that Russia, China and Iran were recruiting people in the US to spread propaganda. A representative from the Iranian government denied that allegation.

Iranian operatives in 2020 impersonated members of the right-wing Proud Boys group as part of a voter intimidation effort, according to the FBI, resulting in charges against two men. That same year, Iranian hackers breached a website that a municipalgovernment in the US used to publish election results, though the attackers were caught before carrying out any nefarious activity, US cybersecurity officials said.

# Ola Electric jumps 11% after muted debut: Should you buy?




**NEW DEIHI, (Agency).** Ola Electric Mobility Ltd.'s shares surged after debut as the shares of India's biggest e-scooter maker rose as much as 11% over the initial public offer price of 76 rupees apiece. The company, backed by strong investor demand amid growing adoption for electric vehicles in the country, raised about $733 million via its offering. Ola Electric IPO is country's largest issue since state-run Life Insurance Corp of India's $2.7 billion share sale in 2022.

Read more: Ambani family's wealth is 10% of India GDP: Barclays-Hurun India report

Axis Capital, BofA Securities, BOB Capital Markets, Citigroup Global Markets India, Goldman Sachs (India) Securities, ICICI Securities, Kotak Mahindra Capital, SBI Capital Markets are bookrunning lead managers for the IPO.

The Hindustan Times YouTube channel now has 7 million subscribers. We thank our viewers for their support. Follow the channel for exclusive video news on politics, sports, entertainment & more.

युवती निकली लूट की मास्टर माइंड

# बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर इंस्टाग्राम फ्रेंड को लूटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पर्यटक स्थल चोरल डैम पर मंगलवार रात को एक युवक और उसकी दोस्त के साथ लूट हो गई थी। पुलिस ने इस वारदात को लेकर चौंकाने वाला खुलासा किया है। युवक के साथ आई युवती ने ही अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर वारदात की। पुलिस ने आरोपी युवती और उसके बॉयफ्रेंड समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।**

एसपी इंदौर ग्रामीण हिकिता वासल ने बताया- इंदौर निवासी रुद्रांश मिश्रा अपनी स्विफ्ट कार से उसकी दोस्त आलिया शेख के साथ मंगलवार रात 2 बजे चोरल डैम घूमने आया था। इस दौरान रात करीब 3 बजे 4 बदमाशों ने उस पर पीछे से हमला कर दिया। बदमाशों ने आलिया को भी दो थप्पड़ मारे। युवक रुद्रांश को देसी कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। उसके गले से करीब पांच तोला की सोने की चेन, सोने की अंगूठी और एक महंगी घड़ी निकाल ली थी। लूट के इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तीन टीम बनाई और घटनास्थल के आसपास रहने वाले लोगों और चोरल रिसोर्ट में



काम करने वाले कर्मचारियों से जानकारी जुटाई गई।

पुलिस ने रुद्रांश के साथ आई युवती आलिया शेख की भूमिका संदिग्ध पाई। इसके बाद जांच की तो पता चला कि युवती आलिया ने बॉयफ्रेंड मिशप्रीत सिंह उर्फ स्मार्टी के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि रुद्रांश को प्लानिंग के साथ चोरल डैम पर बुलाया गया। जहां उसके साथ मारपीट और लूट की गई।

इंस्टाग्राम पर हुई थी रुद्रांश-आलिया की दोस्ती

पुलिस ने मामले में आलिया शेख को भी आरोपी बनाया है। पूछताछ में आलिया ने बताया कि रुद्रांश और उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी। तभी उनका मिलने का प्लान बना। पुलिस ने घटना में लूटे गए सभी सामान जब्त कर लिए है। आलिया इंदौर में वकालत की पढ़ाई कर रही है। वहीं उसका बॉयफ्रेंड मिशप्रीत रिसॉर्ट चलाता है।

**इन आरोपी ने दिया लूट की वारदात को अंजाम-** मिशप्रीत सिंह उर्फ स्मार्टी पिता हेमेंद्र संदू निवासी इंदौर, संजय पिता मान सिंह डाबर निवासी बड़ी जाम महू, विशाल पिता दयाराम डाबर निवासी बड़ी जाम महू, आदित्य पिता राकेश पाराशर निवासी सुदामा नगर इंदौर, आलिया शेख पिता मसरूर हसन गुलजार कॉलोनी मानिक बाग इंदौर।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक